हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 14 जून 2025

तापमान
अधिकतम 47.6 डिग्री
न्यूनतम 29.2 डिग्री

9 पानी संकट को लेकर रेजिडेंट्स वेलफेयर ...



10 अतिक्रमण हटाया, अवैध पोस्टर-बैनर उखाड़े ...




## खबर संक्षेप

### अंग्रेजी विभाग में प्रवेश के लिए 26 तक करें आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एमए अंग्रेज़ी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम साहित्य, भाषा, आलोचना, सिद्धांत और संचार कौशल के क्षेत्र में करियर बना सकता है। विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि एमए अंग्रेजी में 60 सीटें उपलब्ध हैं और एडमिशन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 26 जून है।

### गाड़ी चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गाड़ी चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। एवीटी स्टाफ प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि सेक्टर-1, रोहतक निवासी विक्रम की शिकायत के आधार पर थाना अर्बन एस्टेट में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 12 अप्रैल को विक्रम ने अपनी गाड़ी को अपने मकान के सामने खड़ा किया था। 13 अप्रैल को सुबह के समय विक्रम को अपनी गाड़ी नहीं मिली। जांच के दौरान 12 जून को आरोपी योगेश उर्फ काला निवासी जसौर खेड़ी, बहादुरगढ़ जिला झज्जर व सन्नी निवासी जसौर खेड़ी, बहादुरगढ़ जिला झज्जर को गिरफ्तार किया गया है।

### विमान हादसे में मरने वालों के प्रति सवेंदना व्यक्त की

**महम।** गुरुवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत ने गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रधान सुभाष नम्बरदार के नेतृत्व में चौबीसी खाप की बैठक हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने दुख प्रकट किया। प्रधान सुभाष नम्बरदार ने कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे में जान माल का नुकसान हुआ है, यह देश के लिए चिन्तनीय है। महासचिव मास्टर रामफल राठी, प्रवक्ता कृष्ण बडाली, सचिव सन्दीप नहरा निंदाना, महम तपा प्रधान महाबीर गोयत, निंदाना तपा प्रधान सूरजमल राठी, लाखनमाजरा तपा प्रधान काला मुंडिया, मुंढाल तपा प्रधान दिलावर सिंह, बहलबा तपा प्रधान बलजीत सिंह मौजूद रहे।

### भूमि निशानदेही के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने रोहतक की भूमि खसरा संख्या 3225/4 मौजा की निशानदेही का कार्य पूर्ण होने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत रोहतक के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट व सेक्टर सुपरवाइजर के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर डयूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे।

---

**7 उम्मीदवार आजमा रहे किस्मत, 19 पंचायतों के सभी 21 पंच पहले ही चुने जा चुके हैं निर्विरोध**

# बनियानी 4566 और अटायल में 3653 वोटर कल चुनेंगे सरपंच, आज दोपहर बाद रवाना होंगी पोलिंग पार्टी


**बनियानी में 5 और अटायल में 4 मतदान केंद्र स्थापित किए**

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

सरपंच के लिए बनियानी में 4566 और अटायल में 3653 वोटर रविवार सुबह 8 से शाम 6 बजे तक मतदान करेंगे। इसके लिए प्रशासन ने बनियानी में 5 और अटायल में 4 मतदान केंद्र स्थापित कर दिए हैं। मतदान के लिए 14 जून शनिवार दोपहर बाद खंड कार्यालय कलानौर और सांपला से पोलिंग पार्टी रवाना होंगी।

वोटिंग प्रक्रिया संपन्न होने के तुरंत मतों की गिनती पोलिंग स्टेशन पर ही करवाई जाएगी। देर शाम तक रिजल्ट घोषित होगा। अटायल का सरपंच बनने की दौड़ में चार उम्मीदवार हैं। इनमें राजबीर सिंह, जसवंत सिंह, नवीन और सतीश कुमार हैं। जबकि बनियानी में 3 प्रत्याशी बंसीलाल विज, महिपाल सिंह और रामजीवन भाग्य आजमा रहे हैं। ध्यान रहे कि इंद्रगढ़ का वार्ड नंबर नंबर 9, लाखनमाजरा का 18, सुंदरपुर का 1, काहनी 7.5 का 6, मुंगाण का 1, मकड़ौली कलां का 15, कंसाला का 10, आसन का 5,8 और 6 वार्ड, घुसकानी का 6, खिड़वाली का 13, सिंहपुरा खुर्द का 5,सांघी का 16,इस्माइला 9-बी का 13, मोरखेड़ी का 11, पिलाना का 12, अजायब का 13, अजायब खास का 5 और 14, निंदाना खास का 7 तथा सिसरखास पंचायत का वार्ड नंबर 5 का पंच सर्वसम्मति से पहले ही चुना जा चुका है।

**सुंदरपुर में नहीं किया था किसी ने भी नामांकन**



#### यहां बनाए गए मतदान केंद

अटायल में सरपंच उप चुनाव के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्ड नंबर एक से 4 तक के मतदान केंद्र में 1087 मतदाता, 5 से 7 तक 901 , 8 से 11 तक 957 तथा वार्ड संख्या 12 से 14 तक 708 मतदाता हैं। इसी प्रकार बनियानी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 5 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। एक से 3 तक के 1027 मतदाताओं के लिए विद्यालय की उत्तरी दिशा का पूर्वी भाग, वार्ड संख्या 4 से 7 के 977 मतदाताओं के लिए विद्यालय की पश्चिमी दिशा की दाई तरफ, वार्ड संख्या 8 से 10 के लिए 978 मतदाताओं के लिए विद्यालय की पश्चिमी दिशा की बाई तरफ, वार्ड संख्या 11 से 14 के 897 मतदाताओं के लिए विद्यालय की पश्चिमी दिशा का दांया भाग तथा वार्ड संख्या 15 से 17 के 687 मतदाताओं के लिए विद्यालय की पश्चिमी दिशा के बायें भाग में मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

#### सेक्टर सुपरवाइजर नियुक्त

चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक कराने के लिए अटायल व बनियानी के लिए 11 सेक्टर सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। जिनमें आरक्षित सेक्टर सुपरवाइजर भी शामिल हैं। अटायल के वार्ड नंबर एक से 4 के मतदान केंद्र के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार, वार्ड 5 से 7 के लिए उपमंडल अभियंता प्रदीप कुमार, 8 से 11 के के लिए उपमंडल अभियंता राजेश सोनी, 12 से 14 के के लिए उपमंडल अभियंता नवीन कुमार को सेक्टर सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है। बनियानी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्ड नंबर एक से 3 के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता अनिल कुमार, 4 से 7 के लिए पंचायती राज के उपमंडल अधिकारी गिरीश बत्तरा, 8 से 10 के लिए पंचायती राज विभाग कलानौर के उपमंडल अधिकारी अतुल, 11 से 14 के लिए पंचायतीराज विभाग लाखनमाजरा के उपमंडल अधिकारी यादवेंद्र सिंह तथा वार्ड संख्या 15 से 17 के लिए कलानौर जल सेवा मंडल के उपमंडल अधिकारी सतीश कुमार को सेक्टर सुपरवाइजर को नियुक्त किया गया है। जनस्वास्थ्य विभाग की हॉर्टिकल्चर सब डिविजन के उपमंडल अभियंता विनित कुमार तथा महम डिविजन के उपमंडल अभियंता सुरजीत सिंह को आरक्षित रखा गया है।

---


**शराब पीकर वाहन चलाने वालों से करीब 2 करोड़ जुर्माना वसूले**

# शहर में बढ़ गए शराबी ड्राइवर पांच माह में 500 पर एक्शन

- ट्रैफिक पुलिस ने पांच महीने के भीतर 13 सौ से ज्यादा ड्रंक एंड ड्राइव की जांच हुई
- ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं नशे की हालत में वाहन चलाने से होती है : ट्रैफिक पुलिस
- शहर में शनिवार तथा रविवार को अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने एक तरफ जहां निजात अभियान चलाकर मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ ट्रैफिक पुलिस शराब पीकर वाहन चलाने वाले पियक्कड़ वाहन चालकों के खिलाफ ड्रंक एंड ड्राइव की कार्रवाई कर रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ट्रैफिक पुलिस ने पांच महीने के भीतर 13 सौ से ज्यादा ड्रंक एंड ड्राइव की जांच हुई है और 500 लोगों पर केस दर्ज कर चुकी है। पिछले वर्ष सालभर की तुलना में पांच माह के भीतर ड्रंक एंड ड्राइव का दोगुना केस है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं नशे की हालत में वाहन चलाने से होती है। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की वजह से आम लोगों की ज्यादातर मौतें होती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसपी के निर्देश पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक शनिवार तथा रविवार को अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को त्वरित ऑनलाइन चालान भेजे जा रहे हैं।



#### शराब पिकर गाड़ी चलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

"ड्रंक एंड ड्राइव रोकने अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। पिछले पांच माह के भीतर करीब 500 शराबी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।"
-वाईवीआर शशि शेखर, सहायक पुलिस अधीक्षक, रोहतक

#### लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

गौरतलब है कि ट्रैफिक पुलिस ने वर्ष 2021 में पूरे वर्ष में लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ करीब 81 हजार कार्रवाई की थी, जिसमें जुर्माना के रूप में करोड़ों रुपये की वसूली हुई थी। वर्ष 2022 में कार्रवाई कम होने के साथ जुर्माना राशि की वसूली कम हुई थी। लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी पिछले दो वर्षों में देखी गई है। वर्ष 2024 में ट्रैफिक पुलिस ने करीब एक लाख से ज्यादा लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये जुर्माना राशि वसूल की थी। इस वर्ष पांच महीने में करीब 46 हजार कार्रवाई करते हुए करीब 2 करोड़ रुपये जुर्माना राशि वसूल की है।

#### फिर भी नहीं थम रहे ड्रंक एंड ड्राइव के मामले

शराब के नशे में धुत होकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई करने के दावे कर रही है। बावजूद इसके ड्रंक एंड ड्राइव के मामले थम नहीं रहे। शहर के सभी रोड में शराब पीकर वाहन चैलाने वालों की वजह से आए दिन एक्सीडेंट की घटनाएं हो रही हैं। पिछले दिनों ऐसे ही एक मामले में शराब के नशे में धुत कार चालक ने सेक्टर-एक में सफाई कर्मचारी पर कार चढ़ा दी। कार की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। ड्रंक एंड ड्राइव की वजह से सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।

---

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन में दिखी अनुशासन व एकता की झलक

- पथ संचलन में 216 स्वयं सेवकों ने सहभागिता की
- स्वयंसेवकों को भिन्न-भिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर शारीरिक व बौद्धिक स्तर पर मजबूत किया जाएगा



रोहतक। पथ संचलन शिविर में भाग लेते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मकड़ोली स्थित शिक्षा भारती विद्यालय में आयोजित किए गए 16 दिवसीय प्रथम वर्ग में शुक्रवार को स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन मकडोली शिक्षा भारती विद्यालय से शुरु होकर शहर के भिन्न-भिन्न स्थानों से होते हुए वीटा मिल्क प्लांट पर संपन्न हुआ। पथ संचलन में 216 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। इस पथ संचलन में स्वयंसेवकों की एकता व अनुशासन की झलक देखने को मिली। समाज के लोगों द्वारा शहर में जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया गया।

वर्ग कार्यवाह महेंद्र सिंह व सर्वाधिकार डॉ. रमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 1 से 17 जून तक मकड़ोली स्थित शिक्षा भारती विद्यालय में प्रथम वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का समापन 17 जून को होगा। प्रथम वर्ग में 216 स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। स्वयंसेवकों को भिन्न-भिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर शारीरिक व बौद्धिक स्तर पर मजबूत किया जाएगा।

---

# लिंगानुपात में सुधार के लिए कमेटी का गठन

**पिछले 6 महीने में पीएनडीटी सेल ने कुल 12 रेड की**

- मीटिंग में कम लिंगानुपात वाले गांव चिन्हित किए गए जिनमें ज्यादा नजर रखने की ज़रूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में लिंगानुपात में सुधार के लिए जिला स्थायी कमेटी का गठन कर पहली मीटिंग बुलाई गई। जिला स्थायी कमेटी जिले में अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को लेकर बनाई गई है। जिसमें सीजेएम, सिविल सर्जन, डिप्टी सिविल सर्जन, पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी, डीएसपी हेडक्वार्टर, प्रोग्राम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, ड्रग इंस्पेक्टर मौजूद रहे। कमेटी डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की तरह काम करेगी तथा सभी विभाग मिल कर लिंगानुपात में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। मीटिंग में कम लिंगानुपात वाले गांव चिन्हित किए गए जिनमें ज्यादा नजर रखने की ज़रूरत है। ऐसे गांवों में लगातार स्वाथ्य विभाग अपने एसएमओ, एमओ, एएनएम, आशा के ज़रिए तथा महिला बाल विकास विभाग सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी वर्करों के जरिए नजर रखेंगे। गांवों की पंचायतों को भी इसमें शामिल कर सामाजिक ज़िम्मेदारी दी जाएगी ताकि कोई बेटी या बेटे में भेदभाव ना करें और लिंग चयन तथा लिंग परीक्षण जैसी गैरकानूनी चीज़ों पर रोक लगाई जा सके। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि लिंगानुपात को बढ़ाने के लिए लगभग 1200 गर्भवती महिलाओं के लिए सहेली के रूप में आशा वर्कर तथा आंगनवाड़ी वर्करों को ज़िम्मेदारी दी गई है, जो उनके इलाज से लेकर डिलीवरी तक उनकी मदद करेंगी और रिपोर्ट कमेटी को देंगी। सिविल सर्जन डॉ. रमेश आर्य ने बताया कि पिछले 6 महीने में पीएनडीटी सेल ने कुल 12 रेड की गई। इस दौरान भ्रूण लिंग जांच तथा ग़ैरकानूनी गर्भपात करने वालों को जेल भेजा गया।



रोहतक। लिंगानुपात में सुधार के लिए जिला स्थाई कमेटी की मीटिंग लेते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

---

# एमडीयू छात्र यांशु सेना में फ्लाइंग अफसर बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र यांशु बड़क ने इंडियन एयरफोर्स में बतौर फ्लाइंग आफिसर चयनित होकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस उपलब्धि पर छात्र यांशु बड़क को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि यांशु बड़क की यह उपलब्धि न केवल एमडीयू के लिए गौरव की बात है, बकि यह सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत भी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रेरित करता रहा है और यह सफलता इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यूआईईटी के शिक्षकों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर हरबीर सिंह, यूआईईटी के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी अरुण हुड्डा ने भी यांशु की छात्र यांशु ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों और शिक्षकों को दिया है, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने यह सफलता प्राप्त की।



रोहतक। यांशु बड़क को बधाई देते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर हरबीर सिंह व यूआईईटी के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी अरुण हुड्डा।

---



महम। प्रिंसिपल रोहित कुमार को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए छात्र नेता।

### गवर्नमेंट कॉलेज महम में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करने की मांग

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में लोक प्रशासन, इतिहास और भूगोल विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करने की मांग को लेकर छात्र नेता अमन नेहरा ने प्रिंसिपल के नाम एक पत्र लिखा है। प्रिंसिपल रोहित कुमार ने बताया कि उन्होंने यह मांग उच्चतर शिक्षा निदेशालय को भेज दी है। विद्यार्थियों की यह मांग जायज है। छात्र नेता ने प्रिसिंपल को लिखे पत्र में कहा कि एमडीयू यहां से 40 किलोमीटर दूरी पर है। वहां पर विद्यार्थियों का आने जाने में समय बर्बाद होता है। यदि महम कॉलेज में ये कक्षाएं शुरू हो जाएंगी, तो महम शहर और आस पास के इलाके के विद्यार्थियों को काफी फायदा होगा। विद्यार्थियों की मांग है कि इसी शैक्षणिक सत्र से स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू की जाएं।

---

**कार्रवाई** प्रतिदिन 500 से अधिक नागरिक टैक्स के भुगतान के लिए आते हैं

# निगम की प्रॉपर्टी टैक्स ब्रांच में बदलाव की तैयारी लंबे समय से जमे क्लर्क की सीट बदली जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम की प्रॉपर्टी टैक्स ब्रांच में आमजन को बेहतर सेवा और पारदर्शिता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन ने अहम निर्णय लिया है। प्रॉपर्टी टैक्स शाखा में लंबे समय से कार्यरत एक क्लर्क की सीट जल्द ही बदली जाएगी। इस फैसले का उद्देश्य जनता के साथ हो रहे व्यवहार में सुधार लाना और सेवा प्रणाली को अधिक जवाबदेह बनाना है।

यह मुद्दा हाल ही में आयोजित नगर निगम सदन की बैठक में जोरशोर से उठाया गया, जहां कई पार्षदों ने बताया कि उक्त क्लर्क द्वारा नागरिकों के साथ लगातार अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रॉपर्टी टैक्स ब्रांच में 500 से अधिक नागरिक अपने टैक्स से जुड़ी समस्याओं और भुगतान के लिए आते हैं, लेकिन क्लर्क का व्यवहार न केवल असहज करने वाला होता है, बल्कि आमजन को घंटों तक अनावश्यक रूप से परेशान भी किया जाता है।




#### मेयर ने जताई आपत्ति, पार्षदों ने दी सहमति

बैठक के दौरान मेयर रामअवतार बाल्मिकी ने भी इस विषय पर आपत्ति जताई और कहा कि इस तरह का व्यवहार किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि निगम की छवि जनता में तभी सकारात्मक बनेगी जब यहां कार्यरत कर्मचारी नागरिकों के साथ सम्मान और सहानुभूति से पेश आएंगे। सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से उक्त क्लर्क की सीट बदलने पर सहमति दी और नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया कि ब्रांच में ऐसे कर्मचारी तैनात किए जाएं जो जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और समयबद्ध समाधान दें।

#### ब्रांच होगी अपडेट, टेक्नोलॉजी से जोड़ा जाएगा सिस्टम

प्रॉपर्टी टैक्स ब्रांच को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए तकनीकी उन्नयन की भी योजना बनाई जा रही है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, आने वाले दिनों में टैक्स संबंधी सेवाओं को ऑनलाइन पोर्टल से अधिक जोड़ने, लंबित टैक्स रिकॉर्ड की डिजिटाइजेशन, और टोकन सिस्टम लागू करने की तैयारी चल रही है ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और लोगों को लंबी कतारों में न लगना पड़े।

---

# इंदिरा कॉलोनी पार्क में मिला युवक का शव

**पुलिस जांच में जुटी, अभी पहचान नहीं हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंदिरा कॉलोनी स्थित पार्क में एक युवक का शव पड़ा मिला। इसकी सूचना रहागीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीजीआई के शवगृह में रखवा दिया। वहीं, पुलिस ने मृतक के शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हुई।


जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह पार्क में सैर करने आए लोगों ने शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मृतक रात से ही पार्क में बैठा हुआ था और सुबह उसका शव पड़ा मिला। पार्क में सैर करने आए लोगों ने बताया कि रात को यह युवक नशे की हालत में बैठा हुआ था और बहकी बहकी बातें कर रहा था। आशंका है कि गर्मी के कारण उसकी मौत हुई है, क्योंकि युवक रातभर से यहां था।

हालांकि मरने वाला युवक कौन है और कहां रहता है, इसके बारे में किसी को नहीं पता। सिटी थाना एसएचओ राजकुमार ने बताया कि इंदिरा कॉलोनी पार्क में करीब 34-35 वर्षीय युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस ने शव को डेड हाउस में 72 घंटे के लिए रखवा दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त करवाने का प्रयास कर रही है।


समुद्र में गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।


उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# छात्र बिना निवेश के पढ़ाई के साथ-साथ कमा सकते हैं पैसा



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में हर कोई यही चाहता है कि उसके पास एक्स्ट्रा इनकम हो। स्टूडेंट लाइफ में बिना निवेश के भी पैसे कमाए जा सकते हैं। बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो अपने पेरेंटस के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि 12वीं की पढ़ाई के बाद अपने खर्च खुद उठाएं। इसके लिए वह ऑनलाइन पैसे कमाने के तरीके ढूंढते हैं। अगर आप भी उन स्टूडेंट में से एक है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही ऑनलाइन बिजनेस तरीके लेकर आए हैं जिसके जरिए आप घर बैठे ही पैसे कमा सकते हैं। वह भी बिना निवेश किये। ऐसे कई तरीके है जिससे आसानी से पैसा कमाया जा सकता है।

## ट्यूशन क्लासेज

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो ऑनलाइन ट्यूशन भी लेते हैं। ऐसे में अगर आप घर बैठे चाहे तो ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं या फिर ऑफलाइन भी ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं। उसमें आपको केवल दो से तीन घंटे इन्वेस्ट करने होंगे और आप बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। अगर आप छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं तो आपको अच्छे पैसे भी मिल जाते हैं। ट्यूशन शुरू करने के बहुत सारे फायदे भी होते हैं जैसे कि आपकी खुद की पढ़ाई भी होती रहती है। अगर आप बच्चों को पढ़ाते हैं तो आपको भी कुछ नया सीखने को मिल जाता है और आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।



### शेयर मार्केट में निवेश

अगर आप टेक्निकल एनालिसिस और फंडामेंटल एनालिसिस कोर्स की तैयारी कर रहे हैं तो यह आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने में काफी अच्छी मदद कर सकता है। वैसे तो स्टूडेंट के पास लिमिटेड पॉकेट मनी होती है इसमें आप कुछ पैसे इन्वेस्ट कर सकते हैं। अगर आप शुरू शुरू में अच्छी तरह से इन्वेस्ट करना सीख जाते हैं और आपको प्रॉफिट होने लगता है तो आप बड़े शेयर भी खरीद सकते हैं और बड़ा मुनाफा पा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपके पास खुद की काबिलियत है जैसे की फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, सिंगिंग, फोटोग्राफी किसी भी चीज का शौक रखते हैं और उसमें काफी अच्छी कला है तो लोगों को सिखा सकते हैं। तो उसे ऑनलाइन ट्यूटर के द्वारा अन्य लोगों को भी सिखाया जा सकता है। इससे आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं।

### फ्रीलांसिंग

जब अपनी स्किल से कोई काम करते हैं तो उसे फ्रीलांसिंग कहा जाता है इसके बदले आपको पैसे भी मिलते हैं। फ्रीलांसिंग का मतलब यही होता है कि अपनी स्किल को बेचना और पैसे कमाना। अगर आपके पास कोई भी अच्छी स्किल या काबिलियत है तो आप उसे फ्रीलांसिंग करके बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। इसका मतलब होता है फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, घोस्ट राइटिंग, डाटा एंट्री, कंटेंट राइटिंग, लोगो मेकर इत्यादि काम करके आप पैसे कमा सकते हैं।

### टेलीग्राम एप से कमाए पैसे

आज के समय में बहुत सारी एप ऐसी है जिनके जरिए आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं। टेलीग्राम एप एक शेयरिंग एप है। जहां पर हजारों लोगों का ग्रुप बना सकते हैं और उसे ग्रुप में आप टैक्स वीडियो मूवी लिंक ऑडियो डॉक्यूमेंट कुछ भी शेयर कर सकते हैं। इस शेयर करने के जरिए आप बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। अगर आप टेलीग्राम पर हजारों लोगों को एक बार ग्रुप में ऐड कर लेते हैं और उन्हें कुछ ना कुछ शेयर करते हैं तो इसके जरिए पैसे कमाए जा सकते हैं।

## इन तरीकों से कमाए जा सकते हैं पैसे

### एफिलिएट मार्केटिंग

ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग बहुत ही बड़ा प्लेटफार्म है। एफिलिएट मार्केटिंग में आपको केवल किसी कंपनी या प्रोडक्ट या सेवा को आगे प्रमोट करना होता है या सेल करके कमीशन पाना होता है। इसके लिए मार्केटिंग बिल्कुल फ्री में शुरू की जा सकती है और बहुत ही जल्द पैसे कमाए जा सकते हैं। एफिलिएट मार्केटिंग के लिए आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिन्हें आप प्रोडक्ट शेयर कर सकते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है। इसी के साथ आप एप ब्लॉग या ऑनलाइन विज्ञापन के द्वारा भी अपने प्रोडक्ट को सेल कर सकते हैं।

### ब्लॉगिंग करके पैसे कमाए

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे हैं जो ब्लॉगिंग करके पैसे कमा रहे हैं। ब्लॉगिंग का मतलब होता है ब्लॉग लिखना। ब्लॉग मतलब आर्टिकल जिन्हें आप ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ब्लॉग को आप वेबसाइट भी समझ सकते हैं। जहां से हम सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी ब्लॉग लिखना शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए सोशल मीडिया पर आजकल बहुत सारे ग्रुप मिल जाते हैं आप वहां से क्लाइंट ढूंढ सकते हैं और ब्लॉगिंग शुरू कर सकते हैं या अधिक जानकारी आप यूट्यूब से भी ले सकते हैं।

### यूट्यूब से पैसे कमाए

आज के समय में ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए यूट्यूब सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि आप स्टूडेंट और पैसे कैसे कमाए तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप यूट्यूब चैनल शुरू करके अपनी स्किल और जानकारी के आधार पर वीडियो अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब से बहुत सारे पैसे कमाए जा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको 1000 सब्सक्राइबर 4000 घंटे का वॉच टाइम भी चाहिए होता है।

### रेफर एंड अर्न

आप रेफर एंड अर्न प्रोग्राम के जरिए अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी एप भी ऐसी आती है जिनके जरिए आप अपने दोस्तों को रेफर करके पैसे कमा सकते हैं।

### अमेजॉन

स्टूडेंट के लिए अमेजॉन प्लेटफार्म एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बहुत सारे तरीके से पैसे कमा सकते हैं जैसे कि अमेजॉन ऐप को रेफर करके बहुत सारे कैशबैक कमाए जा सकते हैं।

भारत और दुनिया में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में लगातार हो रही बढ़ोतरी

# होटल मैनेजमेंट में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी और बेहतर लाइफ की गारंटी

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

हमारे देश का पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही होटल उद्योग के विकास में मांग भी बढ़ रही है। भारत एक लोकप्रिय ट्रेवल डेस्टिनेशन है और इस तरह होटल प्रबंधन का दायरा पहले की तुलना में छात्रों के लिए अधिक स्पष्ट और अधिक फायदेमंद हो गया है। जब स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद साधारण स्नातक (गेजुएशन) करने की बात आती है तो होटल मैनेजमेंट छात्रों की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। जैसे-जैसे होटल उद्योग लगातार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे होटल प्रबंधन पेशेवरों की भी आवश्यकता बढ़ रही है। भारत में हर साल पर्यटन बढ़ने के साथ, पेशेवरों की मांग बढ़ना तय है, जिससे इस कोर्स को करने वाले छात्रों को प्रसिद्ध कंपनियों में प्लेसमेंट का एक बड़ा मौका मिलेगा।

## कंपनियों में प्लेसमेंट का अच्छा मौका



### क्या है होटल मैनेजमेंट

हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में जाने का इच्छुक व्यक्ति होटल मैनेजमेंट को स्नातक डिग्री के रूप में चुन सकता है। इस फील्ड में ग्लैमर और लग्जरी के कारण, हर साल अधिक से अधिक छात्र इस नौकरी की ओर आकर्षित होते हैं।

### क्या है होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम

होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम आपको होटल या हॉस्पिटैलिटी सर्विस के विभिन्न पहलुओं जैसे सेल्स एंड मार्केटिंग, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, फूड प्रोडक्शन, हाउसकीपिंग और कई किचन स्किल को कवर करने में मदद करेगा। भारत में कई सरकारी और निजी कॉलेज होटल मैनेजमेंट में डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कराते हैं, जो बहुत सारे छात्रों के लिए एक आकर्षक और रोमांचक पाठ्यक्रम बन गया है।

### टॉप यूनिवर्सिटीज

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशंस, पूसा
- आईएचएम मुंबई
- वेलकमग्रुप ग्रेजुएट स्कूल ऑफ होटल एडमिनिस्ट्रेशन, मणिपाल
- आईएचएम हैदराबाद
- एआईएचएमसीटी, बेंगलुरु
- बनारसीदास चांदीवाला इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली

### करियर की संभावनाएं

*हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में संचालन, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, सिक्युरिटी आदि जैसे कई विभाग हैं, इसलिए आप अपना पसंदीदा विभाग चुन सकते हैं और विभिन्न नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। होटल मैनेजमेंट में संभावनाएं -*

- होटल्स एंड टूरिज्म एसोसिएशन
- क्लब / रेस्टोरेंट मैनेजमेंट
- क्रूज शिप होटल मैनेजमेंट
- एयरलाइन कैटरिंग एंड केबिन सर्विस
- होटल्स में किचन मैनेजमेंट
- होटल, रिजॉर्ट्स में फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट
- इंडियन नेवी में हॉस्पिटैलिटी सर्विस

### शैक्षणिक योग्यता

होटल मैनेजमेंट के डिग्री या डिप्लोमा कोर्स को चुनने के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल या संस्थान से कक्षा 10+2 उत्तीर्ण है। होटल प्रबंधन के किसी भी विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए आप 12 वीं कक्षा पास करने के बाद सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। स्नातकोत्तर का चयन करने के लिए, आपको किसी भी मान्यता प्राप्त होटल प्रबंधन विश्वविद्यालय से स्नातक होना जरूरी है। होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति में विवादों और आलोचनाओं को धैर्य से संभालने की क्षमता होनी जरूरी है। उम्मीदवार को अतिथि के प्रति हर स्थिति में विनम्र और सहयोगी होना जरूरी है।

### ऐसे करें आवेदन

आप होटल प्रबंधन कॉलेज के लिए किसी खास कॉलेज के आवेदन पत्र को भरकर या उसके लिए राष्ट्रीय / राज्य स्तर की प्रवेश परीक्षा देकर आवेदन कर सकते हैं। कई विश्वविद्यालय होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं।

#### प्रवेश परीक्षाएं

- नेशनल लेवल एंट्रेंस-
- एनसीएचएम जेईई
- एआईएमए यूजीएटी

**सैलरी :** स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद नौकरी का विकल्प चुनने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए ट्रेनिंग के दौरान प्रारंभिक वेतन 10,000- 13,000 रुपए के बीच होता है। इसके बाद आपके प्रदर्शन के अनुसार वेतन में वृद्धि होना तय है।

#### स्टेट लेवल एंट्रेंस

- यूपीएसईई बीएचएमसीटी (उत्तर प्रदेश)
- एमएएच सीईटी एचएम (महाराष्ट्र)
- डब्ल्यूबीजेईई एचएम (पश्चिम बंगाल)
- यूनिवर्सिटी लेवल एंट्रेंस
- पीयूटीएचएटी (पंजाब विश्वविद्यालय)
- सीयूईटी (क्राइस्ट यूनिवर्सिटी)
- आईपीयू सीईटी (गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय)

## होटल मैनेजमेंट में शेफ की नौकरी एक शानदार विकल्प



10+2 करने के बाद हर स्टूडेंट एक ऐसा कोर्स प्रोफेशनल कोर्स करना चाहता है, जो उसे अच्छी सैलरी वाली नौकरी जल्द से जल्द दिला दे। होटल व रेस्टोरेंट में शेफ की नौकरी एक अच्छा विकल्प हो सकती है। आजकल हमें कही भी जाना हो तो हम रहने के लिए सबसे पहले होटल ढूढते है होटलो के बढते कारोबर ने इसमें रोजगार के कई अवसर खोल दिये है। यदि आप नई नई रेसिपी बनाने में दिलचस्पी रखते हैं। तो आपके लिये शेफ बनना फायदेमंद सौदा हो सकता है। पिछले कुछ सालों से लगातार होटलों और रेस्टोरेंट की सख्या बढ़ी है। बड़े शहरों के बाद अब छोटे शहरों में भी रेस्टोरेंट खुले हैं जिससे इस इंडस्ट्री में हुनरमंद प्रोफेशनल्स की मांग भी बढ़ी है। किसी भी बड़े होटल में एक शेफ का रूतवा किसी बड़े अधिकारी से कम नही होता है. उसके अंडर में एक पूरी टीम काम करती है जो खाना बनाने के अलग-अलग डिपार्टमेंट संभालती है अगर आप भी उन लोगों में से है जो किचन में मजबूरी नही शौक से जाते है तो आपका इस फील्ड में स्वागत है । कोई भी व्यक्ति होटल में शेफ बन कर अच्छी सैलरी वाली नौकरी आसानी से हासिल कर सकता है।

### होटल में शेफ कैसे बने

यदि आप होटल इंडस्ट्री में शेफ बनना चाहते हैं, तो आपको शेफ कैसे बने की पूरी जानकारी होनी बहुत जरूरी हैं शेफ बनने के लिये आपको होस्पिटेलिटी मैनेजमेंट कोर्स करना जरूरी होता है। शेफ बनना भी होटल मैनेजमेंट का ही एक हिस्सा है। इस फिल्ड में आने के लिए होटल मैनेजमेंट का कोर्स होता है जो 12वीं के बाद किया जा सकता हैं। इस फिल्ड में कई कोर्स उपलब्ध है जैसे डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स. इनमें से कोई भी कोर्स आप अपने एजुकेशन के हिसाब से चुन सकते है। होटल मैनेजमेंट के कोर्स के दौरान स्टूडेंटस कई सारी चीजें करना सीखते हैं। शेफ, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, बार टेंडर हाउसकीपिंग आदि चीजें भी इस कोर्स के अंतर्गत सिखाई जाती हैं।

### जरूरी योग्यताएं

शेफ बनने के लिये इच्छुक लोगों का क्रियेटिव होना बहुत जरूरी है। विदेशी कुजिन्स की जानकारी होना बहुत जरूरी है। कम से कम सामग्री से ज्यादा से ज्यादा रेसिपी बनाने में महारत हासिल हो। खाना बनाना और भोजन परोसने की कला को अच्छी तरह समझने वाला व्यक्ति ही शेफ बन सकता है। शेफ कोर्स करने के लिये आपका शारीरिक रूप से फिट होना बेहद जरूरी है। क्योंकि एक शेफ को अपना अधिकतर काम खड़े होकर ही करना पड़ता है। शेफ को यह पता होना चाहिए कि पाचन प्रणाली किस प्रकार काम करती है। पाचन प्रणाली पर भोजन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स की जानकारी होना जरूरी है। विदेशी भोजन के बारे में अच्छी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

# दिल की सुनो: अपने पसंदीदा विषय को चुनें और उसी में बनाएं करियर



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में करियर का चुनाव एक ऐसा निर्णय है जो न केवल आपके भविष्य को आकार देता है, बल्कि आपकी खुशी और संतुष्टि को भी प्रभावित करता है। अक्सर देखा जाता है कि छात्र समाज, परिवार या दोस्तों के दबाव में आकर ऐसे करियर विकल्प चुन लेते हैं जो उनके दिल के करीब नहीं होते। लेकिन सच्चाई यह है कि सबसे अच्छा करियर वही है जो आपको सुकून दे, जो आपके जुनून को जगाए और जिसमें काम करना आपको बोझ न लगे। इस लेख में, हम बात करेंगे कि क्यों आपको अपने पसंदीदा विषय को चुनना चाहिए और कुछ रोमांचक करियर विकल्पों के बारे में भी जानेंगे। हर इंसान में कुछ खास होता है, और हर छात्र का एक ऐसा विषय या क्षेत्र होता है जिसमें वह स्वाभाविक रूप से रुचि रखता है। हो सकता है आपको गणित के सूत्र हल करना पसंद हो, या फिर साहित्य की गहराइयों में डूबना आपको सुकून देता हो।

## जो काम पसंद हो, वह बोझ नहीं लगता

हो सकता है आप प्रकृति के रहस्यों को समझने के लिए उत्सुक हों या फिर कला और रचनात्मकता में खो जाना चाहते हों। यह आपका जुनून है, और यही वह चिंगारी है जो आपको एक सफल और खुशहाल करियर की ओर ले जा सकती है। जब आप वह चुनते हैं जो आपको सचमुच पसंद है, तो काम करना एक बोझ नहीं, बल्कि आनंद का स्रोत बन जाता है। आप अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, क्योंकि आप उसमें पूरी मेहनत और लगन से काम करते हैं। इसके विपरीत, अगर आप समाज या माता-पिता के दबाव में आकर डॉक्टर, इंजीनियर या कोई अन्य पारंपरिक करियर चुन लेते हैं, जिसमें आपकी रुचि नहीं है, तो आप लंबे समय तक खुश नहीं रह पाएंगे। भारतीय समाज में अक्सर कुछ करियर विकल्पों को ही "सुरक्षित" और "प्रतिष्ठित" माना जाता है। माता-पिता का यह डर स्वाभाविक है कि उनके बच्चे को एक स्थिर और सम्मानजनक भविष्य मिले। लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि आज के दौर में अवसरों की कमी नहीं है। तकनीक, कला, पर्यावरण, खेल, और कई अन्य क्षेत्रों में करियर की संभावनाएं पहले से कहीं ज्यादा हैं। अपने माता-पिता से खुलकर बात करें। उन्हें बताएं कि आपका जुनून क्या है और उसमें करियर बनाकर आप कैसे सफल हो सकते हैं। उदाहरण देकर उन्हें समझाएं कि आज के समय में हर क्षेत्र में अवसर हैं।

**विज्ञान :** अगर आपको जीव विज्ञान पसंद है, तो आप डॉक्टर, बायोटेक्नोलॉजिस्ट, पर्यावरण वैज्ञानिक, या वन्यजीव विशेषज्ञ बन सकते हैं। भौतिकी या रसायन विज्ञान में रुचि है? आप रिसर्च साइंटिस्ट, डेटा साइंटिस्ट, या स्पेस साइंटिस्ट के रूप में करियर बना सकते हैं। तकनीक में रुचि है? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, या साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्र आपके लिए हैं।

**गणित :** गणित के शौकीनों के लिए डेटा एनालिस्ट, एक्ट्यूएरी (बीमा गणितज्ञ), क्रिप्टोग्राफर, या फाइनेंशियल एनालिस्ट जैसे करियर बेहतरीन विकल्प हैं। आप गणित शिक्षक बनकर अगली पीढ़ी को प्रेरित भी कर सकते हैं।

**साहित्य और भाषा:** अगर आपको कहानियां लिखना या पढ़ना पसंद है, तो आप लेखक, पत्रकार, कंटेंट क्रिएटर, या अनुवादक बन सकते हैं। साहित्य में रुचि आपको स्क्रिप्ट राइटर, कॉपीराइटर, या साहित्यिक समीक्षक जैसे रचनात्मक करियर की ओर ले जा सकती है।

### कला और रचनात्मकता

कला, संगीत, या डांस में रुचि है? आप ग्राफिक डिजाइनर, एनिमेटर, म्यूजिक कंपोजर, या कोरियोग्राफर बन सकते हैं। फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, या फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र भी रचनात्मक दिमाग वालों के लिए बेहतरीन हैं।

**खेल और फिटनेस :** अगर खेल आपका जुनून है, तो आप प्रोफेशनल एथलीट, स्पोर्ट्स कोच, फिटनेस ट्रेनर, या स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट बन सकते हैं। ई-स्पोर्ट्स और गेमिंग भी आज के समय में एक उभरता हुआ करियर विकल्प है।

**सामाजिक विज्ञान :** इतिहास, भूगोल, या समाजशास्त्र में रुचि है? आप पुरातत्वविद, भूगोलवेत्ता, या सामाजिक कार्यकर्ता बन सकते हैं। मनोविज्ञान में रुचि है? आप काउंसलर, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, या एचआर प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

**तकनीक और नवाचार :** कोडिंग और तकनीक में रुचि है? सॉफ्टवेयर डेवलपर, गेम डेवलपर, या एथिकल हैकर बनने का सोचें। स्टार्टअप शुरू करके अपने आइडिया को हकीकत में बदल सकते हैं।

**खुशी ही असली सफलता है :** याद रखें, करियर का मतलब केवल पैसा कमाना नहीं है। असली सफलता तब मिलती है जब आप सुबह उठकर अपने काम के लिए उत्साहित हों। जब आप अपने पसंदीदा क्षेत्र में काम करते हैं, तो मेहनत करना आसान हो जाता है, और सफलता अपने आप आपके कदम चूमती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जीवन बीमा निगम की कौन सी पालिसी विशेषतः बच्चों के हितार्थ नही है।
(ए) जीवन किशोर
(बी) जीवन सुकन्या
(सी) जीवना छाया
(डी) जीवन सुरक्षा

**2.** बीमा वियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालया कहाँ है।
(ए) नई दिल्ली में
(बी) हैदराबाद
(सी) अहमदाबाद
(डी) चेन्नई

**3.** आर.एन.मल्होत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
(ए) बीमार उद्योग
(बी) कर सुधार
(सी) बीमा क्षेत्र
(डी) बैंकिंग क्षेत्र

**4.** भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है।
(ए) आरबीआई
(बी) यूटीआई
(सी) आईसीआईसीआई बैंक
(डी) सेबी

**5.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना कब की गई थी।
(ए) 1988में
(बी) 1992 में
(सी) 1993में
(डी) 2002 में

**6.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को किस एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
(ए) 1988ई0
(बी) 1990ई0
(सी) 1992ई0
(डी) 1993ई0

**7.** सेबी के कार्यों में सम्मिलित है
(ए) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों की विनियमित करना।
(बी) शेयर बाजार से सम्बन्धित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण व्यापारिक कार्यों पर रोक लगाना
(सी) प्रतिभूतियों के अन्तरंग व्यापार को नियंत्रित करना
(डी) उपर्युक्त में से सभी

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी)

# महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में एआई समर स्कूल का प्रथम सप्ताह पूर्ण

■ प्रतिभागियों ने सीखे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक पहलू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विद्यार्थियों को व्यावसायिक दक्षता प्रदान करने के उद्देश्य से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग एवं करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहयोग से रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज़ द्वारा एआई समर स्कूल की शुरुआत की गई है। यह कार्यक्रम न केवल तकनीकी ज्ञान देने का माध्यम है, बल्कि विद्यार्थियों को एआई-प्रथम युग की चुनौतियों के लिए व्यावहारिक रूप से तैयार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। इस पहल का नेतृत्व गणित विभाग के अध्यक्ष एवं समर स्कूल के संयोजक प्रो. सुमित गिल व अंशुल रुहिल ने किया है, जो स्वयं एमडीयू के पूर्व छात्र रहे हैं। उन्होंने इस समर स्कूल को अपने अल्मा मेटर में आयोजित कराकर इसे व्यक्तिगत और पेशेवर प्रतिबद्धता का उदाहरण बना दिया है। चार सप्ताह चलने वाले इस कार्यक्रम में कुल 120 घंटे का तकनीकी प्रशिक्षण प्रस्तावित है जिसमें कक्षा शिक्षण के साथ-साथ प्रयोगशाला अभ्यास और परियोजना आधारित कार्य भी सम्मिलित हैं। सीमित सीटों के माध्यम से प्रतिभागियों को गहन व गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन सुनिश्चित किया गया है।


रोहतक। विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देते मिस अंशिका जायसवाल।

# समाधान शिविर में बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों को गंभीरता से लेते हुए उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करें। समाधान शिविर प्रदेश सरकार तथा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। यदि कोई अधिकारी भविष्य में समाधान शिविर से पूर्व अनुमति बिना अनुपस्थित रहता है तो उसके खिलाफ सरकार को लिख दिया जाएगा। धर्मेंद्र सिंह ने समाधान शिविरों की शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा समाधान शिविरों की शिकायतों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार हर सप्ताह के सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य एक छत के नीचे सभी विभागों की शिकायतों का तुरंत निदान करना है। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि अधिकारी पुरानी लंबित शिकायतों को तुरंत निपटाए। इस अवसर पर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, नगराधीश अंकित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक रवि खुंडिया, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, डीटीपी सुमनदीप, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश आदि मौजूद रहे।



रोहतक। समाधान शिविरों की शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

## शिकायतों का निपटारा शीघ्र करवाएं: डीसी

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि विभागाध्यक्ष विभाग की ज्यादा लंबित शिकायतों को स्वयं देखें तथा शीघ्र इन शिकायतों का निपटारा करवाए। समाधान शिविरों में आने वाले अधिकारियों को विभाग की लंबित शिकायतों की पूर्ण जानकारी हो तथा वे इन शिकायतों की हार्ड कॉपी भी साथ लेकर आए। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के पेयजल आपूर्ति एवं सीवर से संबंधित नोडल अधिकारी समाधान शिविर में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना के कारण क्षतिग्रस्त बाइक हुई चोरी

**गन्नौर।** शिकायत में सितामड़ी बिहार के रहने वाले राहुल ने बताया कि वह अभी पानीपत के विकास नगर में रह रहा है। वह अपने भाई की बाइक पर अपने भतीजे सुमन कुमार को कुंडली से वापिस लौट रहा था। एचएसआइआइडीसी बड़ी के गेट के पास अचानक एक कुत्ता उनकी बाइक के सामने आया जिससे उनकी बाइक फिसल गई। वह बाइक मौके पर छोड़ कर अस्पताल इलाज के लिए चले गए। जब वह वापिस लौटे तो उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। थाना बड़ी पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्टोर के सामने से आर्किटेक्ट की बाइक चोरी

**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित कौशिक आयसर स्टोर के सामने से एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में लड़सौली गांव के रोहित मोर ने बताया कि वह आर्किटेक्ट है। 1 वह अपने दोस्त संदीप से मिलने के लिए बाइक पर गन्नौर आया था। जब वह पटेल नगर पहुंचा तो रास्ते में उसका साथी संदीप उसे अपनी गाड़ी में गढ़ी केसरी ले गया। बाइक कौशिक आयसर स्टोर के सामने खड़ी की थी। जो वहा से गायब थी।

## सुभाष नगर में पेयजल की किल्लत से जूझ रहे लोग

# पानी संकट को लेकर रेजिडेंट्स वेलफेयर ने किया प्रदर्शन

■ अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुभाष नगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने शुक्रवार को क्षेत्र में लंबे समय से चल रही पानी की समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए पहुंचे, लेकिन अधिकांश उच्च अधिकारी कार्यालय में नहीं पाए गए। इस पर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने गहरी नाराजगी जाहिर की और कहा कि सरकार के हर घर जल जैसे दावे सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं, जबकि ज़मीनी हालात इसके विपरीत हैं।

समाजसेवी जसबीर कुमार ने बताया कि वार्ड-14 के जेई ने, एसडीओ के निर्देश पर, नागरिकों की समस्याएं सुनकर तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया था। लेकिन उस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। एसोसिएशन के प्रधान सेवक प्रवीण सहगल, शैलेन्द्र शर्मा, सुन्दर जेटली, राजीव, विकास, शिव, विजय ने कहा कि इलाके में पानी की सप्लाई का कोई निश्चित समय नहीं है, जिससे लोग परेशान हैं। कुछ घरों में तो कई दिनों से पानी आना ही बंद हो चुका है। पानी आने का भी कोई समय होता है, लेकिन किसी भी समय पानी की सप्लाई छोड़ दी जाती है, लेकिन वह जलापूर्ति भी लोगों को पूरी नहीं मिल पाती है। नागरिकों ने यह भी बताया कि पहले वह एसडीओ ऑफिस गए लेकिन वहां कोई भी अधिकारी सीट पर मौजूद नहीं था न तो एसडीओ न जेई। बाद में सभी लोग नगर निगम के एक्सईएन शिवकुमार चौहान के पास पहुंचे, जिन्होंने तत्परता दिखाते हुए संबंधित जेई को बुलाया और तुरंत समाधान के निर्देश दिए।



रोहतक। सुभाष नगर के लोग पानी की शिकायत को लेकर एसडीओ से मिलने पहुंचे। *फोटो : हरिभूमि*

## लोगों ने वार्ड-14 के पार्षद पर भी जताई नाराजगी

एसोसिएशन ने वार्ड 14 के पार्षद पर भी नाराजगी जताई और कहा कि वह नागरिकों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं और समय पर कोई मदद नहीं कर रहे। एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि पानी की आपूर्ति व्यवस्था को नियमित किया जाए और नागरिकों को इस बुनियादी सुविधा के लिए दर-दर भटकना न पड़े।

### समाधान का दिया आश्वासन

विभाग के चीफ अधिकारी हैड ऑफिस आए हुए थे। उनके साथ शहर के अलग-अलग एरिया में निरीक्षण के लिए गए हुए थे। लोगों की समस्या के समाधान के लिए धरातल पर ही रहते है। अगर इस तरह की समस्या चल रही है तो मौके पर जाकर समस्या का समाधान करवाया जाएगा। आमजन को पानी के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। **अनिल कुमार, उपमंडल अधिकारी, जन स्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग**

# विमान हादसे पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने व्यक्त की गहरी संवेदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अहमदाबाद से लंदन जा रही एक विमान की दुखद दुर्घटना में यात्रियों, क्रू मेंबर्स और चिकित्सा कर्मियों की असामयिक मृत्यु की खबर ने पूरे देश को शोक में डुबो दिया है। यह घटना न केवल पीड़ादायक है, बल्कि समस्त राष्ट्र के लिए एक गहरा आघात है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने इस त्रासदी पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुर्घटना हृदय विदारक है और हम सभी को अंदर तक झकझोर गई है। महासंघ ने उन सभी परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं जिन्होंने इस दुखद हादसे में अपने प्रियजनों को खो दिया है। महासंघ ने बयान जारी कर कहा हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को यह असहनीय पीड़ा सहन करने की शक्ति दें। शैक्षिक महासंघ ने यह भी स्पष्ट किया कि इस दुखद घड़ी में वह पूरी तरह से पीड़ितों के परिजनों और इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के साथ खड़ा है। संगठन ने देशवासियों से अपील की है कि वे एकजुट होकर संवेदना, सहयोग और संबल के साथ इस दुख की घड़ी का सामना करें। यह दुर्घटना सभी के लिए एक कटु स्मृति बनकर रह जाएगी, लेकिन राष्ट्र की एकजुटता, संवेदनशीलता और सहयोग ही वह बल है जो इन कठिन पलों को थोड़ा आसान बना सकता है।


रोहतक। शोक व्यक्त करते अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सदस्य।

## तनिष्क रोहतक में पुराने सोने पर पाइए 2 कैरेट तक का अतिरिक्त मूल्य

■ आज तक का सबसे बड़ा गोल्ड एक्सचेंज ऑफर

रोहतक। सोने की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा परिवार के एक सदस्य, तनिष्क ने बहुत ही बेहतरीन, आश्चर्यजनक गोल्ड एक्सचेंज ऑफर की घोषणा की है। इसमें ग्राहकों को एक्सचेंज किए गए पुराने सोने पर 2 कैरेट तक अतिरिक्त मूल्य पाने का अवसर मिलेगा। तनिष्क रोहतक स्टोर मैनेजर ने बताया कि ऑफर उपलब्ध में गहने एक्सचेंज करें और पुराने सोने के मूल्य पर 2 कैरेट तक का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। आगामी 30 जून तक चलने वाले इस सीमित अवधि के ऑफर में सोने के आभूषणों की खरीदारी में पुराने सोने के मूल्य पर 1 कैरेट अतिरिक्त तथा हीरों के आभूषणों की खरीदारी में पुराने सोने के मूल्य पर 2 कैरेट अतिरिक्त पाए। उदाहरण के तौर पर, अगर आप नया प्लेन सोने का आभूषण खरीद रहे है तो आपका 20 कैरेट का पुराना सोना 21 कैरेट और नया स्टडेड डायमंड आभूषण खरीद रहे है तो आपका 20 कैरेट का पुराना सोना 22 कैरेट बन जाएगा। आपको एक्सचेंज किए गए हर कैरेट के बदले अधिक मूल्य मिलेगा। यह ऑफर केवल नॉन-तनिष्क ज्वैलर्स से खरीदे गए पुराने सोने पर लागू है।



# बैठक में कृषि ऋण में गिरावट पर चिंता प्राथमिकता क्षेत्र में सराहनीय प्रगति

■ बैंक के अधिकारियों की हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला स्तरीय समीक्षा बैठक, जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैठक एवं सुरक्षा समिति की मार्च 2025 तिमाही से संबंधित बैठक का आयोजन शुक्रवार को अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय, रोहतक द्वारा जिला विकास भवन डीआरडीए सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने की। बैठक में आरबीआई चंडीगढ़ से एलडीओ कंवल कृष्ण, नाबार्ड के डीडीएम अंकित दहिया, एलडीएम महावीर प्रसाद, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं सरकारी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने जमा ऋण अनुपात 60 प्रतिशत के न्यूनतम लक्ष्य के मुकाबले 63प्रतिशत की उपलब्धि पर संतोष जताया। इसी प्रकार, प्राथमिकता क्षेत्र में 40 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले 51 प्रतिशत उपलब्धि को भी सकारात्मक संकेत बताया गया। हालांकि, कृषि ऋण में मात्र 15 प्रतिशत की प्राप्ति, जबकि लक्ष्य 18 प्रतिशत निर्धारित था, इसे लेकर उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि वे कृषकों को शीघ्र कृषि ऋण प्रदान करें, जिससे किसानों की आय बढ़ाने के सरकार के लक्ष्य को साकार किया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा करते हुए बताया। कहा कि कृषि ऋण में 3075 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 2789 करोड़ (90%) की प्राप्ति हुई। प्राथमिकता क्षेत्र में 7489 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 8801 करोड़ (119%) की प्राप्ति हुई। एमएसएमई क्षेत्र में 3698 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 5780 करोड़ (156%) की प्राप्ति सराहनीय रही।



रोहतक। कार्यक्रम में पत्रिका का विमोचन करते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह।

# बच्चों के जीवन को आकार देने शिक्षकों की अहम भूमिका: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्राथमिक शिक्षक एक बच्चे के जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चों को ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं जो उन्हें भविष्य में सफल जीवन जीने में मदद करते हैं। यह बात उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी रोड में आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर अध्यापकों को कही। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षक बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे छात्रों को ज्ञान प्रदान करते हैं, उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं।

धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक छात्रों को पढ़ना, लिखना, और गणित जैसे बुनियादी कौशल सिखाते हैं। वे बच्चों को विभिन्न विषयों का ज्ञान भी प्रदान करते हैं जैसे कि विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, और कला। उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि बच्चों का माइंड सेट करने में प्राथमिक अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। प्राथमिक अध्यापक ही बच्चों को भाषा का उच्चारण सीखते हैं, जो ताउम्र उनके काम आता है। इसके अलावा लेखन कौशल भी प्राथमिक अध्यापकों द्वारा ही सिखाया जाता है। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह का कार्यक्रम में पहुंचने एवं समय देने के लिए धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि उनके नेतृत्व में जिला रोहतक शिक्षा विभाग ऐसे ही प्रगति पथ पर अग्रसर रहेगा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने उपायुक्त को निपुण मग एवं निपुण ग्रीटिंग कार्ड भेंट करते हुए स्वागत किया। साथ ही जिले में चल रही अध्यापक प्रशिक्षण की सभी जानकारी भी सांझा की। कार्यक्रम में उपायुक्त ने निपुण रोहतक पत्रिका का डिजिटल विमोचन भी किया, जो जिले में हो रहे नवाचारों, गतिविधियों और शिक्षकीय उत्कृष्टताओं को दर्शाती है। जिला निपुण समन्वयक रूपांशी हुड्डा ने ब्लॉक रिसोर्स पर्सन मुक्ता के साथ मंच का संचालन करते हुए सभी उपस्थित जनों के साथ निपुण रोहतक के सभी नवाचारो की संक्षिप्त जानकारी सांझा की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, उप जिला शिक्षा अधिकारी राजबाला, जिला परियोजना समन्वयक बिजेंद्र हुड्डा, तुषार, खंड शिक्षा अधिकारी जय भगवान, सुंदरलाल, रजनी, सुनीता अहलावत, सुरेंद्र दहिया, सुरेंद्र मोर, राजीव दलाल, सुनील खोखर, शमशेर व पूनम आदि मौजूद थे।


रोहतक। कार्यक्रम में पत्रिका का विमोचन करते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह।

## बेहतर समाज के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाली पीढ़ी से संबंध रखने वाले बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने और एक बेहतर समाज को विकसित करने में प्राथमिक शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा में और अधिक सुधार लाने के लिए ही इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में भी शिक्षक जिस लगन से प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं, वह सराहनीय है। प्राथमिक शिक्षक ही शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं और बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव रखने वाले असली निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपेक्षा करता हूं कि सभी शिक्षक अपने शत-प्रतिशत योगदान से हर विद्यार्थी के समग्र विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।


रोहतक। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर अध्यापकों के साथ मुख्यअतिथि उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ,जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

## रक्तदान के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाएं इंसान के जीवन में लाती है खुशियां

# रक्तदाताओं व रक्तदान से जुड़ी संस्थाओं से लें प्रेरणा : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हमें जीवन में कोई नया कार्य करने के लिए रक्तदाताओं और रक्तदान से जुड़ी संस्थाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। रक्तदाता रक्तदान करके जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवनदान देने का कार्य करते है। इसलिए रक्तदान को महादान भी कहा गया है। रक्तदाताओं व रक्तदान से जुड़ी संस्थाओं को सम्मानित भी किया। यह बात शुक्रवार को उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह लघु सचिवालय स्थित सभागार में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित सम्मानित समारोह में उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नियमित रूप से रक्तदान शिविर लगाने वाली सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदाताओं व ऐसी संस्थाओं के कारण ही पीजीआई ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त उपलब्ध हो रहा है। राज्यभर से आने वाले मरीजों व अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को पीजीआई के रक्तकोष से रक्त उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदाताओं में रक्तदान के प्रति इतना जनुनु है कि वे रक्तदान के लिए मात्र एक फोन कॉल मिलने पर ही रक्तदान के लिए पीजीआई में पहुंच जाते है। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने सामाजिक संगठनों का आह्वान किया कि वे आपसी तालमेल बनाकर रक्तदान शिविर करें ताकि वर्षभर रक्तकोष में रक्त उपलब्ध रहे ताकि थैलेसीमिया से प्रभावित मरीज, बीमार व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं व दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाकर उनकी बहुमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सके। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव सैनी, प्रोजेक्ट मैनेजर प्रीति, तान्या, रेडक्रॉस वॉलिंटियर फ्रूटी, पिंकी सहित अनेक वालंटियर उपस्थित रहे। थे।


रोहतक। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित करते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह।

## इन संस्थाओं को किया गया सम्मानित

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि मां दानों देवी चैरिटेबल ट्रस्ट सांघी, आपके साथ एक नई शुरुआत, सुनो नहरों की पुकार मिशन, हम और आप सोशल वेलफेयर सोसाइटी, भागराम ट्रस्ट गोहाना, मुनींद्र धर्मार्थ ट्रस्ट सतलोक आश्रम गोहाना, श्रीमद् शंकर स्वामी विश्व देवानंद तीर्थ धर्म ट्रस्ट, राष्ट्र देवः भवः मिशन, सुंदर जेटली, भारत विकास परिषद हरियाणा मध्य, सावन कृपाल रूहानी मिशन, संत निरंकारी मंडल कलानौर, रक्तदान सेवा संस्थान, वाई आर सी कोऑर्डिनेटर अंजू धीमान, लाइंस क्लब ऑन, लायंस क्लब आस्था, सतीश सुनेजा जन सेवा समिति, रक्तदाता तस्वीर हुड्डा, जेपी गॉड, अजय हुड्डा, चिराग बेरी, सुरेंद्र विश्वास, डॉ. गोपाल कृष्ण, बाबा सुखा साह, सुनील जैन, पंकज कोचर, राजेश कुमार खेड़ा, मधु कांत, अंजू धीमान, महेंद्र गुगनानी, सुभाष गुप्ता, बसंत गिरधर को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

## झगड़े में बीच-बचाव करने आए युवक से मारपीट

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव राठधाना में दो पक्षों में हो रहे झगड़े में युवक को बीच-बचाव करना महंगा पड़ गया। हमलावरों ने उसे गाड़ी के नीचे कुचलने का प्रयास किया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव राठधना निवासी पवन कुमार ने बताया कि 28 मई की रात वह गांव के ही पवन और जगदीशपुर के हिमांशु के बीच हुए झगड़े की सूचना पर राठधना मोड़ पर पहुंचा था। उसने दोनों को समझाने की कोशिश की। हिमांशु शराब के नशे में था, जिसने गालियां देनी शुरू कर दी और मारपीट करने लगा। जब पवन वहां से जाने लगा तो हिमांशु ने उसकी राह रोक ली और फिर से मारपीट शुरू कर दी। बाद में हिमांशु ने अपनी कार से उसे टक्कर मार दी और कुचलने का प्रयास किया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित ने 20 से 25 बार कुचलने की कोशिश की। आरोपित हिमांशु जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई धर्मबीर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### नीम करौली बाबा का भंडारा 15 जून को

**सोनीपत।** संकट मोचक हनुमान के अवतार माने जाने वाले नीम करौली बाबा के जन्मोत्सव पर कल रोड सोनीपत में सुबह 10 बजे से ठंडे पानी की छबील व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

**सूचना**

मैं, रविन्द्र कुमार पुत्र श्री राजबीर निवासी गांव बनियानी (123) रोहतक, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमन राणा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कर्नल सतीश कुमार और बेकर्स लाइव के ऑनर बिजेन्द्र नरवाल द्वारा प्रायोजित इस योग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया और योग कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कैंपस स्कूल के इंचार्ज विवेक कौशल ने इस कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और जीवन में योग के महत्व को महत्वपूर्ण बताया। कर्नल सतीश और बिजेन्द्र नरवाल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बेहतर और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। योग प्रशिक्षक नरेश अहलावत ने योग प्रतियोगिता का संचालन किया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

### महम में आयुष विभाग ने निकाली रैली




**महम।** आयुष विभाग द्वारा महम शहर में एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली में लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही 21 जून को आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय अंतर राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेने के लिए निमंत्रण दिया गया। इस दौरान आयुष विभाग के कर्मचारियों ने करो योग रहो निरोग के नारे भी लगाए। योग प्रशिक्षक विकास सिवाच ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा इलाके में कैंप लगाए गए हैं। महम शहर के टाउन पार्क में भी सुबह योग का अभ्यास करवाया जा रहा है।

### अर्धनग्न और वीसी का मुखौटा पहनकर प्रदर्शन के बाद पीजीआई ने एसपी को लिखा पत्र

# हड़ताल कर रहे कर्मचारियों पर केस दर्ज हो एजेंसी कार्रवाई करे, 94 कर्मी टर्मिनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस में चल रही हड़ताल में नया मोड़ आ गया है। अब हड़ताल कर्मचारियों पर उलटी पड़ गई है। पीजीआई के सुरक्षा अधिकारी ने रोहतक के पुलिस अधीक्षक और पीजीआई थाने को एक पत्र लिखकर हड़ताल कर रहे कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की बात कही है। यह पत्र सिक्योरिटी एजेंसी को भी लिख गया है। एक नोटिस के तहत पीजीआई ने हड़ताल को गैर कानूनी माना है, कहा है कि हड़ताल कर रहे कर्मचारियों के हुड़दंग से परेशान हैं। नोटिस के बाद 94 कर्मचारियों को टर्मिनेट कर दिया गया है। इनमें 61 कर्मचारी शुक्रवार को ही टर्मिनेट किए गए हैं, जबकि 3 कर्मचारी चौथे महीने में हटाए गए हैं, और बाकि जून में टर्मिनेट किए गए हैं। इनकी सूची भी पीजीआई प्रशासन के पास चली गई है। पीजीआईएमएस की ओर से एसपी को लिखे पत्र में साफ लिखा है कि पीजीआईएमएस के विजय पार्क में अनुबंधित बेयरर एवं अन्य श्रेणी के कर्मचारी लगभग पिछले दस दिनों से अनुशासनहीन रूप से अपनी मर्जी से संस्थान परिसर में इधर-उधर घूमते पाए गए हैं। 9 जून को उक्त कर्मचारियों द्वारा अर्धनग्न अवस्था में पूरे परिसर में प्रदर्शन किया गया, जो अमर्यादित, अव्यवस्थित एवं असंवैधानिक कृत्य था। अस्पताल में महिलाएं व बच्चे भी अपना इलाज करवाने आते हैं और इस तरह की आपत्तिजनक स्तिथि संस्कृति के खिलाफ है। इसके अतिरिक्त, 12 जून को इन्हीं अनुबंधित कर्मचारियों द्वारा कुलपति कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन के दौरान संस्थान के प्रमुख अधिकारी की छवि को नाटकात्मक एवं अपमानजनक ढंग से बदनाम करने का प्रयास किया गया, जिससे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची है। इस प्रकार का व्यवहार न केवल पीजीआईएमएस की गरिमा एवं अनुशासन को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह कानूनी प्रावधानों का भी उल्लंघन करता है। पत्र में कहा है कि संस्थान में अनुशासन बनाए रखने के लिए समुचित पुलिस प्रबंध किए जाएं।

**नोटिस में लिखा- बिना अनुमति कर रहे धरना-प्रदर्शन**

**रोगियों की जान को खतरा हो सकता है**

*नोटिस में कहा गया है कि पीजीआईएमएस के प्रबंधन द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार सभी हड़ताली आउटसोर्स बेयरर कर्मचारी 2 जून से विजय पार्क में बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जो कि संस्थान परिसर के नियमों और हरियाणा सरकार की गाइडलाइंस का उल्लंघन है। यह स्पष्ट किया जाता है कि विजय पार्क धरना स्थल नहीं है। इस धरने से संस्थान की प्रशासनिक व्यवस्था बाधित हो रही है। मरीजों की देखभाल, ओपीडी संचालन और आपातकालीन सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं बाधित हो रही हैं, जिससे गंभीर रोगियों की जान को खतरा उत्पन्न हो सकता है।*

**दो घंटे में विजय पार्क खाली करें**

*नोटिस में कहा है कि संस्थान में भर्ती इनडोर मरीजों की देखभाल, सफाई, भोजन एवं वार्ड सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जो कि मरीजों के मौलिक अधिकारों का हनन है। ओपीडी सेवाओं में अव्यवस्था उत्पन्न हो रही है, जिससे प्रतिदिन आने से सुरक्षा व्यवस्था चरमरा रही है, जिससे मेडिकल स्टाफ, छात्र और आगंतुक असहज अनुभव कर रहे हैं। आप सभी को निर्देश दिए जाते हैं कि नोटिस जारी होने के 2 घंटे के भीतर विजय पार्क परिसर को खाली कर दें, नहीं तो कानूनी कार्रवाई होगी।*

## हड़ताल 12वें दिन भी जारी, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया ने दिया समर्थन



**रोहतक।** हड़ताल के दौरान मौजूद कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ **कर्मियों की मांगें नहीं मानी तो कार्यकर्ता हड़ताल में शामिल होंगे : एडवोकेट विनोद**

कच्चे कर्मचारियों कि अनिश्चित कालीन हड़ताल का 12 वें दिन भी अनुबंध कर्मचारी हेल्थ केयर रोहतक एसोसिएशन, रोहतक के बैनर तले जारी रही, सभी आउटसोर्स कर्मचारियों की विभिन्न मांगो को लेकर प्रदर्शन जारी रहा। कर्मचारियों ने मांग की है कि उन्हें हरियाणा सरकार की योजना एचकेआरएन पर पोर्ट किया जाए, हाल ही में लागू कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए दी गई जॉब सिक्योरिटी भी दी जाए और चार साल से हुई इस देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जांच की जाए। पीपलस पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विनोद कटारिया ने शुक्रवार को विजय पार्क में पहुंचकर कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन किया और जोरदार आवाज उठाई। उन्होंने कहा अगर पीजीआई ने कर्मचारियों की मांग नहीं मानी तो वे भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ हड़ताल में शामिल होंगे। अभी तक किसी भी भ्रष्ट अधिकारी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

इस सम्बन्ध में पीजीआई के किसी भी अधिकारी ने इन कच्चे कर्मचारियों के समाधान के लिए सम्पर्क नहीं किया। शांति पूर्वक बैठे सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को सुरक्षा अधिकारी की तरफ से नोटिस चस्पा दिया गया है। कर्मचारियों के खिलाफ अनुचित माध्यम से एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

## गुरु हरगोबिंद सिंह साहिब का प्रकाश पर्व 15 को

**रोहतक।** मीरी पीरी दे मालिक 6वीं पातशाही गुरु हरगोबिंद सिंह साहिब का प्रकाश पर्व महान कीर्तन समागम 15 जून को श्रद्धा व उत्साह से गुरुद्वारा बंगला साहिब में मनाया जाएगा। सरदार गुरप्रीत सिंह कोचर प्रधान दशमेश सेवक दल ने बताया समागम सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक मनाया जाएगा। प्रोग्राम में सिख कॉम की सिरमौर हस्ती अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहब गियानी कुलदीप सिंह अमृतसर साहिब से विशेष तौर पर पहुंच रहे हैं। समागम में भाई कमलदीप सिंह चंबा हिमाचल वाले शब्द गुरबाणी कीर्तन द्वारा व महापुरुष महंत दिलबाग सिंह अपने प्रवचनों द्वारा व गियानी सूबा सिंह कथा इतिहास द्वारा संगतों को निहाल करेंगे, जिसमें हरियाणा सिख प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगदीश सिंह झिंडा, एग्जेक्टिव मेंबर सरदार करनैल सिंह निम्नाबाद,मेंबर सरदार रविंदर सिंह राणा पहुंच कर संगतों के दर्शन करेंगे कार्यक्रम में सरदार महेंद्र सिंह धींगरा जत्थेदार भी मौजूद रहेंगे।



गुरप्रीत सिंह कोचर।

## महम के हुडा टाउन पार्क में आयोजित किया जाएगा उपमंडल स्तरीय योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

21 जून को आयोजित किए जाने वाले 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एसडीएम मुकुंद ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बिजली, पानी, परिवहन, एंबूलेंस सेवा आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मैट, पानी, बिजली, अल्पाहार आदि की समुचित व्यवस्था करने और एक-दूसरे के साथ तालमेल बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह 7 से 8 बजे महम के हुडा पार्क में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें स्कूल के विद्यर्थियों के अलावा योग संस्थाओं से जुड़े सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था व शौचालयों का इंतजाम होना चाहिए।



**महम।** अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम मुकुंद।

## अतिक्रमण हटाया, अवैध पोस्टर-बैनर उखाड़े गंदगी फैलाने पर 10 चालान, 7900 रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीमों ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न इलाकों में अतिक्रमण और अवैध ढांचे हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम की टीमें निरंतर फील्ड में सक्रिय हैं और अब उन्हें सख्ती से कार्यवाही के स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं।

अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने गोहाना अड्डे पर बूस्टर के सामने सड़क पर बनाए गए स्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त किया। इसके साथ ही रेस्ट हाउस चौक, छोटूराम चौक, शांतमई चौक और गोहाना अड्डा समेत मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाते हुए अवैध रूप से लगाए गए बोर्ड, तख्त, तिरपाल, कुर्सियां, मेज जब्त किए गए। टीम ने अवैध पोस्टर, बैनर और फ्लैक्स भी हटाए। दूसरी ओर नगर निगम की सफाई शाखा की टीम भी सक्रिय रही और शहर में गंदगी फैलाने एवं सार्वजनिक स्थानों पर गोबर बहाने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए 10 चालान किए, जिनसे कुल 7900 रुपये का जुर्माना वसूला गया। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और अतिक्रमणकारियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।




**रोहतक।** दुकानों के बाहर बोर्ड हटाते नगर निगम कर्मचारी।



**रोहतक।** चालान करती नगर निगम की टीम।

## निगम आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण बोले- गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार सुबह नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की स्थिति का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने वालों के मौके पर ही चालान किए गए।

आयुक्त ने बताया कि नगर निगम सफाई व्यवस्था में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी के साथ आयुक्त डॉ. शर्मा ने दिल्ली बाईपास से लेकर अशोका चौक, पुरानी आईटीआई पुल, किला रोड, हिसार रोड, जींद रोड, माता दरवाजा, गोहाना अड्डा, पालिका बाजार और छोटूराम चौक सहित कई प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक सचिन और सहायक सफाई निरीक्षक नरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गंदगी फैलाने वालों पर नियमित रूप से चालान की कार्रवाई की जाए। आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में कूड़े के ढेरों को कम करने की दिशा में एक नई योजना पर काम किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।



**रोहतक।** सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद

## समर कैंप में खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा : सैनी



**रोहतक।** महाराजा शूर सैनी स्टेडियम में 10 दिवसीय समर कैंप का उद्घाटन सैनी एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने किया गया। समर कैंप में खो-खो, जिमनास्टिक, नेटबाल, वॉलीबॉल, हॉकी इत्यादि खेलों के खिलाड़ी प्रतिभागी रहे। सैनी एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने कहा कि ऐसे कैंपों में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान धर्म सिंह दहिया, उप प्रधान बुद्ध राम सैनी, सचिव जगदीश सैनी व खेल कमेटी के चैयरमैन राजेश कुमार सैनी व खेल कमेटी सदस्य एडवोकेट विपिन, प्रवीन, नरेंद्र, जय भगवान कॉलेज प्रबंधक दया सिंह सैनी व सभी खेलों के कोच तथा प्राचार्य डॉ. रामकवंर सैनी मौजूद रहे।

## चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित करें अधिकारी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारत चुनाव आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हरियाणा द्वारा समय-समय पर दिए जा रहे निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए दिशा निर्देशों के उपरांत अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप नए मतदान केंद्र बनाने और प्रत्येक मतदान केंद्र पर 1200 मतदाता सुनिश्चित करने संबंधी प्राथमिक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर 1200 मतदाताओं के हिसाब से खाका तैयार किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि 1 जनवरी 2026 को क्वालीफाइंग तिथि मानकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अगर किसी मतदान केंद्र में बीएलओ नहीं है तो वहां पर बीएलओ की नियुक्ति की जाए।



**रोहतक।** वीडियो कॉन्फ्रेंस में मौजूद उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह व अन्य अधिकारीगण।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### रोहतक व आसपास उत्तरी-पूर्वी हवाएं चलीं, गर्मी से हलकी राहत

# 19 के आसपास हो सकती है प्री-मानसूनी झमाझम किसान धान पनीरी को रोपाई के लिए तैयार करें

- शुक्रवार को अधिकतम तापमान 3 .5 डिग्री सेल्सियस गिरा, न्यूनतम 1.8 ऊपर चढ़ा
- 19 से पहले 15 जून को राज्य में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा
- हलकी बूंदाबांदी के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कई दिनों तक भीषण गर्मी से शुक्रवार को थोड़ी सी राहत मिली। इसकी वजह थी रोहतक व इसके आसपास के क्षेत्र में उत्तरी-पूर्वी हवाएं चलना। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार को उम्मीद है कि 19 जून के आसपास प्रदेश में प्री मानसून हवाएं चलनी प्रारंभ होंगी। जिससे हवा में नमी बढ़ेगी और तापमान में भी कमी होगा। ये भी हो सकता है कि हवाओं के साथ ही प्री मानसून की झमाझम भी शुरू हो जाए। अमूमन प्रदेश में दूसरे तीसरे सप्ताह में प्री मानसून की बरसात होती है। 19 से पहले 15 जून को राज्य में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिससे कुछेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। उत्तरी-पूर्वी हवाएं चलने से रोहतक के अधिकतम तापमान में वीरवार की बजाय शुक्रवार को 3.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई। लेकिन न्यूनतम पारा में वीरवार की अपेक्षा शुक्रवार को 1.8 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया।वीरवार को अधिकतम तापमान 46.6 और न्यूनतम 31.4 दर्ज किया गया था। जबकि शुक्रवार को दिन का पारा 43.1 और रात का 33.2 रहा।

**एक सप्ताह से बढ़ी है तपिश**



प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की गतिविधियां गत 5 जून को बंद हुई थी। उसके बाद से लगातार तापमान में बढ़ोतरी हुई। तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तो गत वीरवार इस मौसम का अभी तक सबसे अधिक गर्म दिन रहा। इससे पहले भी पारा में नियमित रूप से वृद्धि हो रही थी। इसका एक ही कारण था कि लगातार राजस्थान की ओर से शुष्क पश्चिमी हवाएं चलती रही। जैसे ही शुक्रवार सुबह दस ग्यारह बजे के आसपास हवाओं का रूख बदलकर उत्तर-पूर्वी हुआ तो मौसम में तुरंत बदलाव भी दिखाई दिया। हवाओं की रफ्तार 15-20 किलोमीटर प्रति घंटे रही तो दिन के तापमान में शुक्रवार को ना केवल बढ़ोतरी रुकी। बल्कि वीरवार की बजाय कम हो गया।

**बिजाई के लिए तैयार रहें**

जिन किसानों के पास सिंचाई के खुद के साधन हैं, वे अब धान की अगेती किस्मों की बिजाई करने के लिए तैयार रहे। इसके लिए खेत को तैयार कर लें। 15 जून के बाद रोपाई की जा सकती है। इससे पहले रोपाई करने पर सरकार ने काफी साल से प्रतिबंध लगाया हुआ है। धान की पनीरी में खाद वगैरह डालकर उससे रोपाई के लिए तैयार करें। अगर प्री मानसून की बरसात 19 जून के आसपास हो जाती है तो धान की रोपाई आसानी से की जा सकती है।

**45 हजार हेक्टेयर में धान रोपाई का टारगेट**

इस बार सरकार ने रोहतक जिले में 45 हजार हेक्टेयर में धान रोपाई का टारगेट तय किया हुआ है। अगर मौसम फसल के माकूल बना रहता है तो हर साल 55-60 हजार हेक्टेयर में किसान धान की खेती करते हैं।

## कार्यालय में आने वाले लोगों से अच्छा व्यवहार करें : एडीसी

### विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि दी




**रोहतक।** मृतकों को श्रद्धांजलि देते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार व अन्य।

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र ने कहा कि विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को कार्यालय में आने वाले आमजन के साथ अच्छा व्यवहार करने तथा व्यक्ति की समस्या को अच्छी तरह सुनने बारे हिदायतें दें। नरेंद्र कुमार ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तर एवं खंड स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनके लिए आयुष विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बैठक के दौरान आयुष विभाग तथा पतंजलि योगपीठ के योगाचार्य द्वारा योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने अधिकारियों से कहा कि सरकारी कार्य से कार्यालय में आने वाले हर नागरिक की शांतिपूर्वक बात सुनी जाए तथा उन्हें अच्छी प्रकार समाधान बारे भी समझाया जाए। उन्होंने वीरवार को गुजरात में हुए हवाई दुर्घटना में जान गवाने वाले नागरिकों की आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की तथा सभागार में सभी उपस्थित अधिकारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर जान गवाने वाले व्यक्तियों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, नगराधीश अंकित कुमार, डीएसपी रवि खुंडिया मौजूद रहे।